आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–13 अगस्त 2024 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लोक भवन में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित एक हजार छत्तीस अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश लोकसेवा चयन आयोग के द्वारा दो हजार बारह से दो हजार सत्रह के बीच छब्बीस हजार तीन सौ चौरानबे पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया संपन हुई थी। इसमें ओबीस के चयनित अभ्यर्थी छब्बीस दशमल तीन आठ प्रतिशत थे। वहीं हमारी सरकार में उत्तर प्रदेश लोकसेवा चयन आयोग के माध्यम से छियालिस हजार छह सौ पचहत्तर भर्तियों हुई। इसमे ओबीस के चयनित अभ्यर्थियों का प्रतिशत अडतीस दशमलव चार एक है। इस तरह ओबीस, एससी और एसटी के प्रतिशत को जोड़ लिया जाए तो डबल इंजन सरकार में साठ प्रतिशत से ज्यादा अभ्यर्थियों का चयन उत्तर प्रदेश लोकसेवा चयन के माध्यम से हुआ है। श्री योगी ने कहा कि हमारी सरकार मे संविधान के द्वारा निर्धारित आरक्षण की पूरी व्यवस्था का पालन करते हुए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया है।

****

हर घर तिरंगा अभियान के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास से भाजपा युवा मोर्चा द्वारा निकाली गयी तिरंगा यात्रा बाईक रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे भारत दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। सभी को देश की समृद्धि के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एकजुट होकर इस अभियान का हिस्सा बनना होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार बाईस–तेईस में उत्तर प्रदेश मे पांच करोड़ से अधिक घरों पर तिरंगा लहराने का कीर्तिमान स्थापित किया गया था। गत वर्ष भी प्रदेश मे लगभग साढ़े चार करोड़ घरों पर तिरंगा लहराया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर इस वर्ष पर भी उत्तर प्रदेश सरकार ने साढ़े चार करोड़ घरों पर तिरंगा लहराने का संकल्प लिया है। भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के संकल्प के साथ जुड़कर हम सभी भारत की आन–बान–शान के प्रतीक तिरंगा को हर घर तक पहुंचाने के सहभागी बन रहे हैं। उधर हर घर तिरंगा अभियान के तहत गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, बस्ती, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज समेत विभिन्न जिलों मे सरकारी गैर सरकारी संगठनों, स्कूल कॉलेजों की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गयी।

****

पीलीभीत जिले में उत्पादित सब्जियां अब खाड़ी देशो तक निर्यात की जाएंगी। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने आज दुबई भेजी जाने वाली सब्जियों से भरे एक वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निर्यातकों को उनका मंत्रालय हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगा। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री पीलीभीत में ही आयोजित एक निर्यातक जागरूकता संम्मेलन में भी शामिल हुए। इस सम्मेलन में पीलीभीत के अलावा बरेली, शाहजहांपुर और बदायूं के निर्यातक शामिल हुए, जिन्हे संबोधित करते हुए श्री प्रसाद ने भरोसा दिलया कि सब्जियों व अन्य स्थानीय उत्पादों को विदेशी बाजार तक भेजने में प्रदेश व केन्द्र सरकार पूरी मदद करेगी। उन्होंने निर्यातकों व उद्यमियों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को उनका निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर बेहतर काम करने वाले कई निर्यातकों को सम्मानित भी किया गया।

****

गोरखपुर के बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज मे नव निर्मित सुपर स्पेशियिएलिटी हॉस्पिटल में कार्यरत नर्सो के लिए सौ सीट का मैरिड नर्सेज छात्रावास का निर्माण होगा। इस पर तीस करोड़ इक्तीस लाख रूपये खर्च होगें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न तीन अगस्त दो हजार चौबीस को इस छात्रावास का शिलान्यास किया था। अब इसकी पहली किस्त के तौर पर दो करोड़ सैंतालिस लाख रूपये की धनराशि शासन की ओर से जारी कर दी गयी है। जल्द ही छात्रावास का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

****

मेरठ के कलेक्ट्रेट परिसर में आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस प्रदर्शनी आयोजित की गयी। मुख्य विकास अधिकारी नुपूर गोयल ने प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए कहा कि विभाजन के दौरान हुए अत्याचारों को याद करना और उनकी स्मृति को संजोए रखना हमारा नैतिक कर्तव्य है। प्रदर्शनी में विभाजन के दौरान हुए अत्याचारों के चित्र, दस्तावेज और अन्य सामाग्री प्रदर्शित की गयी है। यह प्रदर्शनी पन्द्रह अगस्त तक जारी रहेगी।

****

बस्ती और मुजफ्फरनगर में हुए अलग–अलग चार मार्ग दुर्घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य घायल हो गये हैं। बस्ती के कप्तानगंज में आज भोर में सड़क पार करते हुए एक महिला को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। वहीं छावनी थाना क्षेत्र के राजकी कन्या इण्टर कॉलेज के सामने एक कार ट्रक मे घुस गयी जिससे एक युवक की मृत्यु हो गयी। जबकि गाड़ी में सवार पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलो को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

****